
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

22 मार्च 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

इच्छाओं की पूर्ति से नहीं बल्कि इच्छाओं

के निवारण से स्वतंत्रता प्राप्त होती है।

एपिक्टेटस



राकेश कुमार

# दिवस विशेष

22 मार्च

मधु प्रिया

# बिहार दिवस 22 मार्च





बिहार दिवस वार्षिक रुप से 22 मार्च के दिन मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन बिहार राज्य का गठन हुआ था, यह राज्य सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है। सन् 1756 में बिहार मुगलों के अधीन हुआ करता था, जिसके बाद बक्सर के युद्ध में अंग्रेजों ने मुगलों पर जीत हासिल की। फलस्वरूप अंग्रजों ने बिहार को बंगाल से प्रथक कर दिया और एक अलग राज्य बना दिया इससे पहले बिहार बंगाल का ही हिस्सा हुआ करता था, तभी से बिहार दिवस अस्तित्व में आया। इसके उपरांत वर्ष 1936 में 1 अप्रैल को बिहार से उड़ीसा को अलग करके एक अलग राज्य बनाया गया और आखिर में वर्ष 2000, 15 नवम्बर को बिहार का दक्षिणी भाग अलग करके झारखंड राज्य का गठन किया गया। बिहार गंगा नदी किनारे बसा हुआ है, यह भारत के उत्तर पूर्वी भाग में स्थित है। बिहार पुरातन समय में मगध के नाम से जानी जाती था जिसकी राजधानी पाटलिपुत्र (पटना) हुआ करती थी जो की आज भी पटना ही है। कहा जाता है की यहां की भूमि उपजाऊ होने के कारण आदिकाल के मानवों ने सर्वप्रथम यहीं पर खेती की थी। बिहार की मिट्टी ने गौतम बुद्ध, आचार्य चाणक्य जिनकी नीति पर आज भी कई राजनेता चलते हैं।बिहार दिवस हर वर्ष एक नए थीम पर आयोजित की जाती है। इस वर्ष 2023 में बिहार दिवस का थीम सात निश्चय भाग 2 के तहत युवा शक्ति बिहार की प्रगति निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम को व्यापक एवं भव्य रूप से मनाने का निर्देश शिक्षा विभाग बिहार सरकार ने आयोजन में एकरूपता के साथ कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को आयोजित कराने के निर्देश दिया है। जिसमे टीचर्स ऑफ बिहार के कई शिक्षक भी अपना बहुमूल्य योगदान देने जा रहे है।

Teachers of Bihar

The change makers

# जयंती विशेष 22 मार्च




**सूर्य सेन** (22 मार्च 1894 – 12 जनवरी 1934) भारत की स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रान्तिकारी थे। उन्होने इंडियन रिपब्लिकन आर्मी की स्थापना की और चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व किया। वे नेशनल हाईस्कूल में सीनियर ग्रेजुएट शिक्षक के रूप में कार्यरत थे और लोग प्यार से उन्हें "मास्टर दा" कहकर सम्बोधित करते थे।

## बिहार दिवस विशेष 22 मार्च



# बिहार दिवस

बिहार दिवस हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन 1912 में बिहार को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग कर एक स्वतंत्र प्रांत के रूप में स्थापित किए जाने की याद में मनाया जाता है। ब्रिटिश शासन के दौरान प्रशासनिक कठिनाइयों के कारण, 22 मार्च 1912 को तत्कालीन वायसराय लॉर्ड हार्डिंग ने बिहार और उड़ीसा प्रांत के गठन की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि घोषणा 22 मार्च को हुई थी। डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को आधुनिक बिहार का निर्माता माना जाता है। उन्होंने महेश नारायण और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बिहार को बंगाल से अलग करने के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बिहार दिवस को व्यापक स्तर पर मनाने की शुरुआत वर्ष 2010 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुई थी।

 राकेश कुमार

# बिहार दिवस विशेष

**22 मार्च**

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री




14 मार्च 2026 से



सैयद अता हसनैन
बिहार के राज्यपाल

**21.** घोड़ा कटोरा झील
( राजगीर )



घोड़ा कटोरा झील बिहार के राजगीर में स्थित एक शांत और सुंदर प्राकृतिक झील है, जो तीन तरफ से पहाड़ियों से घिरी हुई है। यह विश्व शांति स्तूप के पास स्थित है और इसका आकार घोड़े के खुर के समान है। यहाँ झील के बीच में भगवान बुद्ध की 70 फीट ऊंची गुलाबी बलुआ पत्थर की प्रतिमा स्थापित है, जो प्रमुख आकर्षण है।

राकेश कुमार

TOB खेल कॉर्नर

ICC टी-20

# ऑलराउंडर्स रैंकिंग

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे | 328 |
| 2 | हार्दिक पंड्या | भारत | 299 |
| 3 | सईम अयूब | पाकिस्तान | 275 |
| 4 | दीपेंद्र सिंह ऐरी | नेपाल | 244 |
| 5 | अजमतुल्लाह उमरजई | अफगानिस्तान | 241 |
| 6 | रोस्टन चेस | वेस्टइंडीज | 239 |
| 7 | मिचेल सैंटनर | न्यूजीलैंड | 213 |
| 8 | मोहम्मद नबी | अफगाानिस्तान | 209 |
| 9 | मोहम्मद नवाज | पाकिस्तान | 203 |
| 10 | रोमारियो शेफर्ड | वेस्टइंडीज | 197 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **22.03.2026**

## निर्माणवादी शिक्षण विधि

निर्माणवादी शिक्षण विधि **(Constructivist Teaching Method)** एक ऐसी शिक्षण पद्धति है जिसमें विद्यार्थी स्वयं अपने अनुभव, ज्ञान और गतिविधियों के आधार पर सीखते हैं। इसमें शिक्षक ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि मार्गदर्शक **(facilitator)** होता है। निर्माणवादी शिक्षण विधि वह प्रक्रिया है जिसमें विद्यार्थी अपने पूर्व अनुभवों और नए ज्ञान को जोड़कर स्वयं ज्ञान का निर्माण करते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



लेजेंडरी कार्टून डोरेमॉन (Doremon) के डायरेक्टर Tsutomu Shibayama का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने टोक्यो में मांगा आर्टिस्ट के रूप में अपने करियर की शुरुवात कि थी।

# पद्य पंकज

"

आज़ादी रोटी नहीं,
मगर दोनों में कोई बैर नहीं,
पर कहीं भूख बेताब हुई तो
आजादी की खैर नहीं...

**रामधारी सिंह दिनकर**


www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya



# बिहार दिवस - 2026

## "उन्नत बिहार, उज्जवल बिहार"











**गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिपूर्ण बिहार के 114वें स्थापना दिवस पर समस्त देशवासियों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

---

www.teachersofbihar.org


Punita Kumari



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बिहार स्थापना दिवस
22 मार्च
"उन्नत बिहार, उज्जवल बिहार"
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari


विश्व जल दिवस
22 मार्च
हम सब को जल बचाना है,आने वाले
कल को सजाना है।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

"उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार "



# बिहार दिवस

के अवसर पर

समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
22 मार्च

Madhu Priya